## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थैफ्ट सेल की टीम ने शहर के परशुराम चौक के पास से एक युवकआसिफ उर्फ चिपा को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बाइक का चैसिस नंबर को भी खुर्दबुर्द कर रखा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। हजारों रुपये की हेरोइन (स्मैक) को लेकर कहीं सप्लाई करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने छह ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना गांधी नगर में तैनात एसआई राजकुमार, ईएसआई सतीश कुमार, एएसआई जसबीर सिंह व हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वीना नगर कैंप में सरकारी स्कूल के पास गौतम हेरोइन बेचने का काम करता है। टीम ने मौके पर दबिश देकर गौतम को पकड़ लिया। वहां पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एक्साइज इंस्पेक्टर जगाधरी अनिल कुमार को बुलाया गया। उनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से छह ग्राम हेरोइन मिली। उसके खिलाफ थाने में केस दर्ज किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह हेरोइन कहां से लेकर आता था और किसे समप्लाई करता था। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि पूछताछ में मामले में यदि किसी की संलिप्तता पाई गई तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी-बिलासपुर स्टेट हाईवे पर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुलाब नगर निवासी शिवकुमार ने थाना शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार रात वह जगाधरी में गुलाब नगर चौक पर खड़ा था। तभी एक बाइक सवार व्यक्ति जगाधरी से जडौदा गेट की तरफ से आ रहा था। जैसे ही वह बाइक सवार गुलाब नगर चौक पर पहुंचा और सड़क पार करने लगा तो बिलासपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।

### प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

# रिटायर्ड कॉलेज टीचर्स एसो. को सीएम से है उम्मीदें: डॉ. मल्होत्रा

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से सौहार्दपूर्ण रुप से बातचीत की और उन्हें अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित बात करने के लिए चंडीगढ़ में आने का न्यौता दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। गांव बंभौल स्थित गुरुद्वारा में माथा टेकने जाते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

रिटायर्ड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बंभौली स्थित गुरुद्वारा गोबिंदपुरा (जगाधरी) में सिक्खों के नवम गुरु तेगबहादुर के प्रकाशोत्व पर माथा टेकने के लिए पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान यूनियन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को गुलदस्ता भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगें भी रखी। रविवार को रिटायर्ड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन हरियाणा प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य डॉ. सुभाष वोहरा, डॉ. योगेश कुमार व डॉ. देवेंद्र आनंद बंभौल स्थित गुरु घर में पहुंचे। इस दौरान गुरु घर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिक्खों के नौंवे गुरु तेगबहादुर के प्रकाशोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंटकर उनका सम्मान किया। मौके पर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा व डॉ. योगेश कुमार आदि ने मुख्यमंत्री के समक्ष एसोसिएशन के सदस्यों की मांगे रखी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से सौहार्दपूर्ण रुप से बातचीत की और उन्हें अपनी मांगो व समस्याओं से संबंधित बात करने के लिए चंडीगढ़ में आने का न्यौता दिया। ताकि उनकी मांगो व समस्याओं पर विस्तारपूर्वक बात की जा सके।

#### मांगें लंबे समय से लंबित

एसोसिएशन के प्रधान डॉ. अमर सिंह मल्होत्रा ने बताया कि एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री से भेंट कर अपनी मांगो के बारे में विस्तार से जानकारी देगा। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की मांगें लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। जिनमें प्रमुख रुप से पेंशन का समय पर भुगतान किए जाने व चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाए जाने आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से एसोसिएशन को बड़ी उम्मीदे हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी लंबे समय से लंबित चली आ रही मांगे अवश्य पूरी होंगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया गांव व गरीब को न्याय देने का काम:नायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर


यमुनानगर। रादौर में आयोजित सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाग लेते हुए लोग। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायनों में गांव व गरीब को न्याय दिलाने का काम किया है। जबकि कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनैतिक दल प्रधानमंत्री की जनहित की हर योजना का विरोध करते हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि विपक्षी गठबंधन के पास ना तो नीति है और ना ही उनकी नीयत है। उन्होंने उक्त शब्द रविवार को रादौर स्थित निर्माणाधीन खेल स्टेडियम में भाजपा द्वारा उनके सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह में कहे। मौके पर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री एवं बैकवर्ड मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, निर्वतमान मेयर मदन चौहान, मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, चेयरमैन विपिन कांबोज, हरपाल मारुपुर आदि मौजूद थे।

## मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। अपने कार्यालय में मतदाताओं को मत डालने के लिए जागरुक करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार।

लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मताधिकार करना सभी मतदाताओं का अधिकार भी है और कर्त्तव्य भी है। उक्त शब्द रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए कहे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र पर्व में मताधिकार करने के लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है। केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

## साढ़ौरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। साढ़ौरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व सशस्त्र पुलिस बल के जवान। फोटो: हरिभूमि

लोकसभा चुनाव के मध्यनजर रविवार को जिला पुलिस व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने थाना साढ़ौरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के प्लैग मार्च को देखकर क्षेत्र के लोग गदगद हो गए। प्लैग मार्च के दौरान फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे साढ़ौरा थाना के प्रभारी अनिल कुमार व सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर एसएस ने नागरिकों से शांतिपूर्वक व निष्पक्ष रुप से चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। रविवार को साढ़ौरा थाना प्रभारी अनिल कुमार व केंद्रीय सशस्त्र बल के इंस्पेक्टर एसएस गुज्जर के नेतृत्व में पुलिस व सशस्त्र पुलिस बल के जवान साढ़ौरा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। मौके पर पुलिस प्रवक्ता चमकौर सिंह ने बताया कि कि 25 मई को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला यमुनानगर में लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को थाना प्रबंधक साढ़ौरा अनिल कुमार व उनकी पुलिस टीम व सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर एसएस गुज्जर द्वारा अपनी टीमों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च साढ़ौरा मुख्य बाजार, गांव सरावां, पहाड़ीपुर नाका, रसूलपुर, कोटला व अन्य गावों की गलियों व मार्गोर् से होकर गुजरा।

## कशिश बने मिस्टर व नेहा बनी मिस फेयरवेल

- गुरु नानक खालसा कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में टाइटल देकर नवाजे गए विद्यार्थी स्टॉफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के कंयुनिटी कॉलेज विभाग के तत्वावधान में बैंकिंग एवं वित्तीय सोवाओं व खुदरा प्रबंधन डिप्लोमा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने दीप प्रज्जवलित करके किया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत अन्य गतिविधियां आयोजित कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर हरिंद्र सिंह कंग ने कॉलेज से विदा हो रहे बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं व खुदरा प्रबंधन डिप्लोमा विद्यार्थियों को शुभकॉमनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी पेशेवर यात्रा शुरू करते समय कॉलेज द्वारा स्थापित मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. कंग ने कहा कि वह जहां भी कार्य करें वहां पूरी ईमानदारी, निष्ठा, लगन और दृड़ता से करें। कम्युनिटी कॉलेज के समन्वयक एवं नोडल अधिकारी डॉ. संजय अरोड़ा ने विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक यात्रा के दौरान उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

#### इन विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विदाई समारोह में छात्र कशिश कांबोज को मिस्टर फेयरवेल व छात्रा नेहा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। वहीं, छात्र दीपक को मिस्टर ईव व छात्रा शालिनी को मिस ईव का खिताब देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रो. पूजा राणा ने विदाई पार्टी को एक यादगार अवसर बनाने के लिए सभी उपस्थित लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रणदीप सिंह जौहर ने निवर्तमान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें गुरु नानक खालसा कॉलेज द्वारा स्थापित अखंडता और उत्कृष्टता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने प्राचार्य व कॉलेज स्टॉफ द्वारा सफलता पूर्वक आयोजित विदाई समारोह के लिए सराहना की।

## दो स्थानों से हजारों का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चोरों ने सत्संग विहार कॉलोनी में निर्माणाधीन घर से एसी के पाइप चोरी कर लिए। वहीं मीट मार्केट में दुकान से रुपये व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में सत्संग विहार कॉलोनी निवासी जसविंद्र कौर ने बताया कि वह कॉलोनी में ही अपना नया घर बना रही है। किसी ने निर्माणाधीन घर से एसी पाइप लाइन रात करीब साढ़े 12 बजे चोरी कर ली। जिससे उसे करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ कसे दर्ज कर लिया। वहीं, थाना शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बैंक कॉलोनी कांसापुर निवासी चमन राज थापा ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया स्थित मीट मार्केट में उसकी दुकान है। 26 अप्रैल की रात वह दुकान का ताला लगाकर घर चला गया था। शनिवार सुबह वह दुकान पर आया तो देखा कि दुकान से चार पेटी रिफाइड, दो पेटी सरसों का तेल, 10 बंडल बीड़ी, तीन पैकेट सिगरेट व अन्य सामान चोरी था जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये थी। वहीं दुकान में रखे करीब सात हजार रुपये भी चोरों ने चोरी कर लिए।

## अनाज मंडियों में आवक जोरों पर, उठान धीमी

- मंडियों में उठान कार्य सुचारू रुप से नहीं होने से आढ़ती व किसान परेशान
- मौसम के बदलते मिजाज से जिले भर में गेहूं की कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। जगाधरी अनाज मंडी में अटी पड़ी गेहूं की बोरियां।

मौसम के आए दिन बिगड़ते मिजाज से जिले की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। लेकिन मंडियों से गेहूं का समय पर उठान न होने से आढ़ती व किसान परेशान हैं। अब तक जिले की सभी तेरह अनाज मंडियों में कुल 2 लाख 32 हजार 32 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 79 हजार 462 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 28 हजार 286 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाऊस कॉपारे्रेशन द्वारा 24 हजार 284 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। पिछले कई दिन से आसमान में कभी बादल तो कभी तेज हवा चलने के कारण किसानों ने गेहूं की फसल समेटने के लिए रात-दिन एक कर दिया है। आलम यह है कि किसान गेहूं की कटाई होते ही उसका उठान करने में लगे हैं। जिसकी वजह से अनाज मंडियों में गेहूं की आवक ने जोर पकड़ लिया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने गेहूं खरीद में लगे अधिकारियों व खरीद एजेंसियों से अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से किए जाने व उठान कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में किसानों, मजदूरों व आढ़तियों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के निर्देश दिए हैं।

#### गेहूं बेचने के लिए नहीं मिल रहा स्थान

किसान राजबीर, सुखपाल, यशपाल, हरीश, विरेंद्र व मोहन आदि ने बताया कि अनाज मंडियों में गेहूं का उठान कार्य काफी धीमी गति से होने से अनाज मंडियां गेहूं की बोरियों से अटी पड़ी हैं। आलम यह है कि किसानों को अपनी गेहूं डालने के लिए फड़ों पर जगह नहीं मिल रही है। जिससे वह परेशान हैं। अधिकांश किसान मंडियों में बनी सड़क पर ही अपनी गेहूं को डालने पर मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने अनाज मंडियों से गेहूं का उठान जल्द करवाए जाने की मांग की।

## घर में घुसकर युवक को पीटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी पांच युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर की आजाद नगर कॉलोनी में कुछ युवकों ने घर में घुस कर युवक पर हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रामपुरा चौकी पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर की गली नंबर छह निवासी लवली वासन ने बताया कि शाम के समय उसके बेटे माघव के पास अगेश का फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि तू बच कर रहना। वह तूझे गोली मारेगा। उसके बाद अगेश, शाहिल, रोबिन, काका, राहुल उसके घर पर आए। इन सबके हाथों में डंडे व सरिये थे। लवली वासन ने बताया कि उस वक्त उसका पति घर पर नहीं था। आरोपियों के हाथों में हथियार देख कर उसने अपने बच्चों को घर में बंद कर लिया। उसके बाद आरोपी घर के आगे खड़े होकर गालियां देने लगे। उस वक्त तो आरोपी वहां से चले गए। थोड़ी देर बाद वह दोबारा आए और घर के सामने उसके बच्चों के साथ लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया।

**कार्यक्रम** | विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर किया जागरुक

## इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी दंत चिकित्सा क्षेत्र में कर रही सराहनीय कार्य: डॉ. पंडित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





यमुनानगर। डीएवी डेंटल कॉलेज में आयोजित राष्ट्रस्तरीय समीक्षा कार्यक्रम में दूसरे दिन अपने विचार रखते दंत विशेषज्ञ व भाग लेते विद्यार्थी और दंत विशेषज्ञ।

इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के तत्वावधान में पीरियोडोंटोलॉजी विभाग द्वारा डीएवी डेंटल कॉलेज यमुनानगर में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रस्तरीय समीक्षा कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को विद्यार्थियों को विभिन्न मुख्य बिंदुओं से अवगत करवाया गया। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी डेंटल कॉलेज के प्रिंसीपल एवं निदेशक डॉ. आईके पंडित ने किया। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. आईके पंडित ने कहा कि इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी दंत चिकित्सा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। सोसायटी जहां मसूड़ों से संबंधित रोगों की रोकथाम और जागरूकता के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय समीक्षा कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। डॉक्टर आई के पंडित ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले पांच वर्षोर् से लगातार डीएवी डेंटल कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। जो उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी कॉलेज के रिव्यू रेंटिंग के आधार पर दी जाती है और इस दृष्टि से डीएवी डैंटल कॉलेज भारत के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों की सूची में सम्मिलित हैं। डॉक्टर पंडित ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूरे भारत के विभिन्न राज्यों के अलग अलग कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

## जीवन का संतुलन बना रहना आवश्यक

- गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने साढ़ौरा में पहुंचकर श्रद्धालुओं को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


यमुनानगर। स्वामी ज्ञानानंद महाराज श्रद्धालुओं पर अपनी कृपा बिखेरते हुए।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि स्वयं को संतुलित रखना सबसे महत्वपूर्ण है। क्योंकि दुनिया की गर्म ठंडी हवाएं लगातार चलती रहेंगी। कभी मान है तो कभी अपमान, कभी खुशी तो कभी गम इनके बीच ही जीवन की धारा चलती रहती है। उन्होंने रविवार को साढ़ौरा में श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति के अध्यक्ष सचदेव चुघ के निवास पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने फरमाया कि व्यवहार में मिठास लाओ। घर मे प्रेम और सौहार्द और एक शांत जीवन जीने की आदत लाओ । यही सब मानसिक संतुलन बढ़ाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि प्रेमपूर्वक जीना, निर्भय होकर जीना ओर संतुष्ट जीवन रखते हुए बड़प्पन पैदा करो। मानव जीवन केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। मनुष्य जीवन की प्राप्ति अपने आप में सौभाग्य की बात है। इस दौरान जिप के चेयरमैन रमेश चंद्र ठसका, जियो गीता युवा चेतना के सदस्य पंकज चुघ, रसूलपुर की श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ, नवीन भसीन, सुधीर भल्ला, भीष्म चुघ व राजेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा का हुआ शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** शिक्षा विभाग तथा विकल्प संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सुपर 100 लेवल 2 परीक्षा का शुभारंभ मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी झज्जर राजेश कुमार, विशिष्ठ अतिथि जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक तथा विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रथम बैच में झज्जर तथा भिवानी के 199 विद्यार्थियों तथा अभिभावकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारणी घोषित

**कुरुक्षेत्र।** बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रोफेसर चांद दत्ता एवं जिला के सह संयोजक बी एल अरोड़ा ने जिला अध्यक्ष रवि बतान एवं प्रदेश के सह संयोजक डॉ ऋषिपाल मथाना से चर्चा करके जिला कार्यकारिणी घोषित की। इस अवसर पर धर्मवीर मिजार्पुर, डॉ शकुंतला शर्मा, रविन्द्र सांगवान, नरेन्द्र पाल डाबला, धीरज कुमार एडवोकेट,तजिंदर सिंह गोल्डी, जसविंदर सिंह सैनी उपस्थित रहे।

### 6 मई तक दाखिल किए जा सकते हैं नामांकन

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लिए 29 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन होगा। 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा, 7 को जांच की जाएगी, 9 मई तक अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं।

### सेवादारों ने की गौशाला के लिए दान की अपील

**पिहोवा।** श्रीकृष्ण कृपा गोशाला के उपप्रधान सुशील गुप्ता व कपिल गर्ग ने नगर वासियों से गायों के लिए चारे एवं किसानों से तूड़ी व अनाज देने की अपील की है ताकि गायों को भूखा न रहना पडें। उन्होंने बताया कि नगर में स्थित जिला कुरुक्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला मे लगभग 1500 गाय पुण्य का लाभ दे रही है। जिनके खाने के लिए हरे घास के साथ-साथ लगभग 15 हजार क्विंटल तुड़ी की हर साल जरूरत पड़ती है।

### रक्तदान शिविर में युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

# युवा नशे की सुई न लगाकर रक्तदान की लगवाएं: अशोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

पुलिस विभाग में सर्वोच्च रक्तदाता हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के रक्त कोष में 496वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में भारत संचार निगम लिमिटेड से सेवानिवृत अधिकारी सतपाल कल्याण मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि 52 बार रक्तदान कर चुके सुभाष चंद ने शिविर की अध्यक्षता की। रक्तदाता सुशील कुमार और उनकी सुपुत्री सृष्टि ने एक साथ रक्तदान किया। शिविर में स्टार रक्तदाता प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे।



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

#### 168 बार रक्तदान

168 बार रक्तदान और 81 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मनुष्य का रक्त सड़क दुर्घटनाओं में नालियों में नहीं बहना चाहिए अपितु जरूरतमंद की सहायता के साथ नाड़ियों में बहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि आज का युवा अपनी सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग समाज और राष्ट्र के कल्याण में करें न कि नशों आदि में करके जीवन को नष्ट कर ले। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा नशे के टीके लगाकर अपने जीवन को मृत्यु के समीप ले जा रहे हैं। उन्हें चाहिए कि सुई नशे की न लगाकर रक्तदान की लगवाएं और अमूल्य जीवन बचाकर पुण्य कमाएं। बता दें कि पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा वर्ष 1990 से निरंतर रक्तदान कर रहे हैं।

2010 से बिना किसी बैनर के रक्तदान शिविर लगाना आरम्भ किया था जिसमें 56000 से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध करा चुके हैं। उन्होंने नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का निरिक्षण किया और नशे से छुटकारा पाने वाले युवाओं से भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया।

#### रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं

मुख्यातिथि के रूप में पधारे सेवानिवृत अधिकारी सतपाल कल्याण ने 26वीं बार रक्तदान करते हुए कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। 52वीं बार रक्तदान कर चुके सुभाष चंद ने रक्तदान करते हुए कहा कि यह एक पुण्य का कार्य है। उनके बार रक्तदान कर चुके मनीष ने कहा कि यह एक सच्ची सेवा है। प्रशांत शर्मा ने कहा कि उनके आदर्श डॉ. अशोक कुमार वर्मा हैं। शिविर में सतपाल कल्याण, सुशील कुमार, सुभाष चंद, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, राजबीर शर्मा, मनीष धीमान, सृष्टि, नवीन वर्मा, संदीप कुमार, कंवलजीत, देवेन्द्र कुमार, सवीन गेरा और सुरजीत सिंह ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

# शांति कुंज हाल का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की ओर से शांतिनगर में नवनिर्मित शांतिकुंज हाल का लोकार्पण नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं भाजपा नेता पंडित जयभगवान शर्मा डीडी के करकमलों से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के प्रमुख व्यवसायी एसके ज्वैलर्स के मालिक सुनील गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम में वशिष्ठ अतिथि के रूप में हरियाणा ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित पवन शर्मा पहलवान, प्रसिद्ध समाजसेवी दिलावर सैनी तथा प्रसिद्ध व्यवसायी दीपक शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा, प्रधान श्याम सुंदर तिवारी तथा प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा के नेतृत्व में सभा की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया गया। सभा के संरक्षक मंडल को पगड़ी बांधकर सभा की ओर से सम्मान दिया गया। मुख्यातिथि जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा नगर की सबसे पुरानी एवं धार्मिक संस्था है जो सामाजिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेती है।



कार्यक्रम में मंचासीन मुख्यातिथि जयभगवान शर्मा डीडी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति।

## डा. जय भगवान को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2024 मिला

**कुरुक्षेत्र।** प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं प्रेरणा संस्था के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला को दिल्ली के त्रिमूर्ति भवन में राष्ट्रीय प्रतिभा अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए डा. सिंगला रविवार को कुरुक्षेत्र से दिल्ली के लिए रवाना हुए।



कुरुक्षेत्र। प्रेरणा के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला।

उल्लेखनीय है कि उन्हें राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान अवार्ड 2024 समाज सेवा के क्षेत्र में पिछले करीब तीन दशकों से सराहनीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है। डा. जय भगवान सिंगला ने साहित्य के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। वह करीब चार दर्जन पुस्तकें लिख चुके हैं तथा हरियाणा के एक बड़े उद्योगपति भी हैं। प्रेरणा की अध्यक्षा रेनू खुंगर ने बताया कि डा.जय भगवान सिंगला के दिल्ली रवाना होने से पूर्व उनको शुभकामनाएं एवं बधाईयां देने वालों का तांता लगा रहा।



### लोकतंत्र के महायज्ञ में सभी को डालनी चाहिए मतदान की आहुति : पवन

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा गांव बिशनगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की। पवन मित्तल ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में रहते है और लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लोगों का, लोगों के लिए ओर लोगों द्वारा सरकार चुनी जाती है। लोकसभा चुनाव इस लोकतंत्र के महायज्ञ की सबसे बड़ी इकाई है, इन चुनावो के द्वारा हम अपने देश गांव, शहर के साथ साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को सुनिश्चित करते है, ताकि वो भी अपनी सहभागिता कर सके। अतः लोकतंत्र के इस महापर्व के महायज्ञ में हमे अपने मत के रूप में आहुति जरूर से जरूर डालनी चाहिए। हम सब को अपने मत का प्रयोग जरूर से जरूर करना चाहिए।

# टैगोर स्कूल के निपुन व वंशदी ने आईआईटी में पाया स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर से कामयाबी का परचम लहराते हुए आईआईटी में स्थान हासिल किया। टैगोर पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रवि वर्मा ने बताया कि टैगोर स्कूल के दो मेधावी छात्रों ने ऑल इंडिया लेवल पर आयोजित परीक्षा में उच्चतम स्तर हासिल करते हुए आईआईटी में दाखिला प्राप्त किया।

रवि वर्मा ने कहा कि वैसे तो टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्र दशकों से विभिन्न परीक्षाओं में कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं। कामयाबी की इसी इबारत को आगे बढाते हुए इस वर्ष छात्र निपुन बहल ने 93.4 प्रतिशत व वंशदी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है।



आईआईटी में स्थान प्राप्त करने वाले टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्र निपुन बहल व वंशिदा।

उनकी कामयाबी पर टैगोर ग्रुप आफ स्कूल उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता है। स्कूल संचालक कीमती लाल वत्ता ने भी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## 5 साल इंतजार कराने के बाद नायब को कुरुक्षेत्र की याद आईः डॉ सुशील



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को थानेसर विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, प्रदीप सैनी, नरेश सैनी, राकेश सैनी, सुभाष, सुधीर, राजकुमार, पवन, रामस्वरूप, ओमप्रकाश, चंद्रभान, सरपंच सतबीर, विशाल खुबड, सतीश, सेंकी, निशी गुप्ता, पूर्व जज दीनानाथ अरोड़ा, प्रवीन, डॉ. जीत सिंह, सतबीर शर्मा और भूषण सैनी मौजूद रहे। उन्होंने सीएम नायब सैनी से जनता के 10 सवाल पूछे। नायब सैनी को अब कुरुक्षेत्र की याद आई है।

# राम नाम की बड़ी महिमा:तुलसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| थानेसर

अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा में कथाव्यास संत तुलसी महाराज (अयोध्या धाम) ने श्रीराम-लक्ष्मण द्वारा विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा,ताड़का वध और अहिल्या उद्धार प्रसंग बहुत ही सुंदर शब्दों में भजनों सहित सुनाए। आयोजक पंडित उमेश पाठक के सान्निध्य में मुख्य यजमानों आदित्य सिंगला,अशोक सिंघल,अक्षय सिंघल,अमन सिंगला,अशोक गुप्ता,मोहित गर्ग, विक्की राणा और रामस्वरूप मित्तल आदि ने श्रीराम कथा का पूजन किया। प्रवचनों में तुलसी महाराज बोले कि आधुनिक काल में मनुष्य जीवन के चारों ओर अंतः और बाह्य रूप में परिस्थितियां निर्मित हुई हैं कि यह समय एक तरह से मानसिक अशांति का समय घोषित हो गया है। जब मनुष्य मानसिक अशांति के दौर से गुजरता है तो वह अपने भीतर उत्पन्न अनेक परेशानियों से भी जूझने लगता है। इस दौर में चारों तरफ हिंसा और अशांति का एक शोर सा सुनाई देता है।




# धर्मनगरी में सजाया नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं के प्रकाश पर्व को समर्पित महान नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए नगर कीर्तन में भारी गिनती में संगत ने शिरकत की। इससे पहले हैड ग्रंथी भाई सुच्चा सिंह ने गुरु चरणों में सरबत के भले की अरदास की। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना, सिख नेता नरेंद्र सिंह गिल, उप सचिव सतपाल सिंह, तजिंदर सिंह मक्कड़, मैनेजर जज सिंह, सुखविंदर सिंह, हरमीत सिंह, दिलबाग सिंह सहित स्टाफ ने भी अपनी हाजिरी भरी। नगर कीर्तन आरंभ होने से पहले कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज ने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया, इसलिए उन्हें हिंद की चादर के नाम से भी जाना जाता है। उनका जीवन अदम्य साहस का प्रतीक है और गुरु साहिब के जीवन को प्रेरणा मानते हुए उनकी शिक्षाओं को अपनाना चाहिए। उन्होंने 29 अप्रैल को गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं में करवाए जा रहे महान कीर्तन समागम में पहुंचने का संगत से आह्वान भी किया।



कुरुक्षेत्र। महान नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारें।

# मिजार्पुर में लगाया विशेष योग साधना व निष्काम सेवा सत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र राजस्व जिला इकाई के तत्वावधान में आज योगाश्रम मिजार्पुर के पवित्र, शांत व सुखमय वातावरण में एक विशेष योग साधना एवं निष्काम सेवा सत्र का आयोजन किया गया। लाडवा से कर्मठ कार्यकर्ता दिनेश रोहिल्ला ने सूक्ष्म क्रियाएं, पद्मासन, गहरे लंबे श्वास, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र का जाप करवाया। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने 12 मंत्रोच्चारण सहित सूर्य नमस्कार का श्वासों पर ध्यान करवाते हुए पूरे ठहराव के साथ दो बार बहुत सुंदर अभ्यास करवाया। शव आसन में विश्राम के पश्चात उन्होंने कपालभाति प्राणायाम की तीन आवृतियां करवाई और साथ-साथ बाह्य कुंभक में त्रिबंध तथा अंतः कुंभक में द्विबंध का अभ्यास करवाने के उपरांत कैवल्य कुंभक की सुखद अनुभूति करवा कर साधकों को मानसिक शांति व शिथिलता का अनुभव करवाया और उन्हें कपालभाति प्राणायाम को और अधिक प्रभावकारी ढंग से करने के टिप्स भी दिए।



कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में विशेष योग साधना सत्र में सूर्य नमस्कार करते साधकगण।




कुरुक्षेत्र। जरनैल सिंह रंगा को डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजते अतिथिगण।

### जरनैल रंगा को डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** रविवार को हेसेन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी जर्मनी व वाधवान इंडिया अवॉड्‌र्स कौंसिल की ओर से समाजसेवी और पत्रकार जरनैल सिंह रंगा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नावाजा गया। इस समारोह का आयोजन गाजियाबाद के इंदिरापुरम हैबिटेट सेंटर में किया गया। जरनैल सिंह रंगा 32 वर्षो से समाज सेवा कर रहे और 15 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे। जरनैल सिंह रंगा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर ग्लोबल रविदासिया वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन यूरोप के अंतर्राष्ट्रीय चेयरमैन केशव कुमार ढांडा, शेर सिंह, बाबूराम तुषार, डॉ अंबेडकर समाज कल्याण सभा बजीदपुर के अध्यक्ष ओम प्रकाश, बेगमपुरा मानव सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र अशोक सुनेंहड़ी, बेगमपुरा चैरिटेबल ट्रस्ट भारत कुलवंत सिंह, बेगमपुरा एजुकेशन सोशल वेलफेयर ट्रस्ट इस्माइलाबाद के धर्मपाल दास सहित गुरप्रीत सिंह, बीर सिंह, सुनील दत्त, वीरेंद्र रॉय, हुकम चंद, पवन लोहारा, पवन कुमार सहित सैंकड़ों शुभ चिंतकों ने बधाई दी।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए गांव सुढ़पुर और रावलखेड़ी में अभियान चलाया

# लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में मतदाता की अहम भूमिका: डॉ आनंद

### शत-प्रतिशत मतदान हेतु किया जागरूक

**शाहबाद।** समाजसेवी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक सुभाष कलसाना ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन ने विधानसभा शाहबाद मा. के गांव सुढ़पुर और रावलखेड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में लोकतंत्र व मताधिकार की महत्वता के साथ शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिखे पम्पलेट वितरित करके मतदाताओ को जागरूक किया गया। सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए।



#### सोच समझकर दें वोट : हर्ष



स्वयंसेवक हर्ष ने बताया कि मतदाताओं को वे वोट किसी की भी दें परंतु वोट देने से पहले इस बात पर अच्छी तरह से मंथन कर लें कि जिसे वे वोट दे रहे हैं क्या उसका चरित्र साफ सुथरा है। नशा व भ्रष्टाचार के खिलाफ है और क्या वह जनता की समस्याओं को हल करने का दम रखता है। नतीजतन उक्त सभी बातों पर मंथन करके ही वे अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट करें और प्रयास करेंगे की अच्छे और साफ सुथरी छवि के उम्मीदवार जीतकर लोकसभा में पहुंच सकें।

#### मतदान का प्रयोग जरूरी

एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनंद कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों अनुसार इस बार लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर वोट देने की सुविधा प्रदान की है। उम्मीद है कि इस सुविधा से मतदान प्रतिशत में इजाफा होगा। ये मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करेंगे। ऐसे मतदाताओं को 29 अप्रैल तक अपने बीएलओ को फार्म 12-डी जमा करवाना होगा। लोकसभा चुनावों में वे मतदान जरूर करें क्योंकि भारतीय संविधान ने उन्हें यह कानूनी अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि कानूनी अधिकार के साथ-साथ मतदान का प्रयोग जरूरी भी है क्योंकि 5 साल के बाद अवसर आता है।



डॉ आनंद कुमार

#### अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करे : रविकांत

स्वयंसेवक रविकांत ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर मतदाता को अपने बहुमूल्य मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। आमजन को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें।



रविकांत

#### सभी युवा इस महापर्व को अवसर बनाएं : सुमित मलान



सुमित मलान

एनएसएस स्वयंसेवक सुमित मलान ने बताया कि हमारी समाज में बदलाव केवल तभी आ सकता है जब हम सभी लोकतंत्र के सिद्धांतों को समझकर उन्हें अपने जीवन में उतारें। इसलिए, हमें सभी को समाज के हर क्षेत्र में योगदान देना चाहिए और अपनी आवाज को सुनाना चाहिए। लोकतंत्र का महापर्व हमें याद दिलाता है कि हमें अपने अधिकारों के प्रति सावधान रहना चाहिए और देश के लिए काम करने में सक्षम होना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर लोकतंत्र के महत्व को समझें और उसमें योगदान दें, तो हम एक मजबूत और सशक्त देश का निर्माण कर सकते हैं। इसलिए, मेरा आग्रह है कि हम सभी युवा इस महापर्व को अवसर बनाएं और लोकतंत्र के लिए अपना सहभागी जीवन जिएं।

### विश्व नृत्य दिवस कार्यक्रम 29 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में 29 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में इंदौर घराने के सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित सुरेश गंधर्व गायन प्रस्तुत करेंगे। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की सामूहिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गायन वादन तथा नृत्य तीनों ही विधाओं की प्रस्तुतियां होंगी। संगीत एवं नृत्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. आरती श्योकन्द ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया की विभाग में विश्व नृत्य दिवस पर कार्यक्रम प्रतिवर्ष होता है। इसमें विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों पर बल दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है।

